तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 जून 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

14 फूड पार्क के भवन और स्थापित मशीनों का लिया ...

14 बैठक से पूर्व कर्मचारी अपने रिकार्ड दुरुस्त करें


## खबर संक्षेप

### वैश्य गुप्ता समाज भवन निर्माण का भूमिपूजन



**जगदलपुर।** ग्राम गारावंडकला में कान्यकुब्ज वैश्य गुप्ता समाज (भुंजवा) भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक किरण देव एवं सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इसी तरह समाज आगे बढ़े, उन्नति व प्रगति करें, समाज संगठित रहे। वहीं सांसद ने भी सभी को बधाई दी। समाज भवन निर्माण से समाज के कई आयोजन होगें। इस दौरान समाज अध्यक्ष रामसुख गुप्ता, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, सांसद प्रतिनिधि आनंद मोहन मिश्रा, फूलचंद गुप्ता, दशरथ गुप्ता, पदाधिकारी एवं समाज के सदस्य उपस्थित थे।

पत्रवार्ता : 11 वर्ष में मोदी सरकार ने सेवा को संकल्प, सुशासन को संस्कृति व सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता माना

# विकसित भारत के लिए समर्पित मोदी सरकार: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृत काल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की है। मोदी सरकार की हर योजना के केन्द्र में जनकल्याण और आम नागरिक के जीवन को आसान करने के साथ- साथ देश को वैश्विक स्तर पर नए आयाम देने की भावना रही है। नरेंद्र मोदी राजपथ पर नहीं बल्कि कर्तव्य पथ पर चलने वाले प्रधानमंत्री है।

- तेजी से सिमट रहा नक्सलवाद कभी 96 जिले थे नक्सल प्रभावित अब केवल 8 बाकी

यह कहना था डिप्टी सीएम विजय शर्मा को जो उन्होंने एक दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान गुरुवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा में कहीं। डिप्टी सीएम ने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने भारत की सीमायें सुरक्षित की, अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से लगने वाले राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों में रोड कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया गया जिससे भारतीय सीमाओं की सुरक्षा और भी मजबूत हुई है। पत्रवार्ता के दौरान डिप्टी सीएम शर्मा के अलावा कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, पूर्व ▶▶| शेष पेज 12 पर



### कभी बंदूक की गोली विदेशों से आयात होती थी, अब ब्रह्मोस मिसाइल निर्यात कर रहे

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 2014 से पहले भारत अधिकांश रक्षा उपकरण यहां तक की बंदूकों की गोलियों को भी विदेश से आयात करता था। प्रधानमंत्री मोदी की केन्द्र सरकार के मेक इन इंडिया के तहत शासकीय और प्राइवेट कंपनियों ने मिलकर भारत के रक्षा क्षेत्र को बेहतर बना दिया है और विदेशी आयात पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने कहा कि एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम, ब्रह्मोस, आकाश मिसाइल, आइएनएस विक्रांत, तेजस और, प्रचंड अटैक हेलीकॉप्टर जैसे स्वदेशी तकनीकों के साथ अब भारत न केवल आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति के रूप में उभर रहा है बल्कि आज रक्षा उपकरणों का निर्यात भी कर रहा है। आज भारत का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़कर 23,622 करोड़ तक पहुंच गया है। फिलीपींस जैसे देश भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीद रहे हैं। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की रणनीतिक दूरदर्शिता और कूटनीतिक तैयारी का नतीजा हैं।

### नया भारत शांति की बातें नहीं बल्कि घर में घुसकर आतंक का करता है सफाया

*उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचाया। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरबेस को ध्वस्त कर यह दिखा दिया कि अब मोदी का यह नया भारत शांति की बातें नहीं बल्कि घर में घुसकर आतंक का सफाया करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को स्पष्ट और सख्त संदेश भी दिया कि आतंक, पानी और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते, खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। पूरे विश्व को प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कर दिया कि भारतीय धरती पर किसी भी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। कट काल के दौरान मोदी सरकार ने अपने नागरिकों को विश्वभर के हर कोने से सुरक्षित निकालकर यह सिद्ध किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार केवल सीमाओं के भीतर नहीं, विश्वभर में भारतीयों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।*

### बड़े नक्सलियों को ढेर कर माओवाद की रीढ़ तोड़ी

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि विगत 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने माओवादी आतंकवाद पर सख्त प्रहार किया है। आंतरिक सुरक्षा की सबसे बड़ी चुनौती माओवादी आतंक के खात्मे का पीएम मोदी व गृहमंत्री अमित शाह का संकल्प भी सिद्ध हो रहा है। प्रदेश में बीते डेढ़ साल में 425 माओवादियों को न्यूट्रलाइज किया गया है। 1388 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं और 1443 को गिरफ्तार किया जा चुका है। नक्सल विरोधी अभियान में हमारे जवानों ने बसवराजू और सुधाकर जैसे बड़े नक्सलियों को न्यूट्रलाइज कर माओवाद की रीढ़ तोड़ दी है। देश में कभी 96 जिले थे नक्सल प्रभावित अब केवल 8 बाकी रह गए है जिन्हे जल्द नक्सलमुक्त कर लिया जाएगा।

# समलेश्वरी-राउरकेला एक्सप्रेस 18 जून तक परिवर्तित मार्ग से चलेगी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

किरंदुल से विशाखापटनम रेल लाइन दोहरीकरण कार्य के लिए कुल 445.5 किलोमीटर की दूरी तय की जानी है। अब तक 266.60 किलोमीटर का काम पूरा हो चुका है। इस दोहरीकरण परियोजना के साथ-साथ, वाल्टेयर मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि 49 नई सुरंगें बनाई जाएंगी।

- कोरापुट से सुक्कू के मध्य रेल लाइन दोहरीकरण के चलते
- हावड़ा-जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस 12 से 18 जून तक कोरापुट को छुए बिना मनाबार होते जगदलपुर तक चलेगी

विदित हो कि किरन्दुल से कोरापुट याने केके 2 और विशाखापटनम से कोरापुट याने केके 1 रेल लाइन में पिछले 11 वर्षों से लगभग सवा 400 किमी रेल लाइन दोहरीकरण कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में सम्मलित देश के सर्वाधिक ऊंची ब्राडगेज रेल लाइन में दोहरीकरण कार्य पूरा होने के बाद इस लाइन में यात्री ट्रेनों का विस्तार किया जाएगा। वर्तमान मे इस लाइन में लगभग ढाई सौ किलोमीटर तक दोहरीकरण कार्य पूरा किया जा चुका है। वर्तमान में दोहरीकरण कार्य कोरापुट से सुक्कू के बीच जोरशोर से जारी है। इस कारण से हावड़ा से जगदलपुर तक चलने वाली ▶▶| शेष पेज 12 पर

## सेमरा हादसा: घायल पत्नी व बेटी की उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एनएच स्थित सेमरा के करीब बुधवार शाम हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल पत्नी व मासूम बेटी की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई थी।

- बुधवार को हुए हादसे में पति की हुई थी मौत
- ओवरटेक के दौरान बाइक की ट्रक से हुई थी टक्कर

गौरतलब है कि नगरनार थाना क्षेत्र स्थित ग्राम सेमरा हाईवे के करीब बुधवार शाम हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई थी। वहीं हादसे में बाइक में सवार पत्नी व बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें उपचार के लिए महारानी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब ओडिशा के नवरंगपुर जिला कोसागुमडा थाना क्षेत्र के ग्राम आवरी निवासी गुड्डु धुरवा 30 वर्ष अपनी पत्नी रायबली 27 वर्ष व ढाई वर्ष की बच्ची के साथ जगदलपुर से वापस ओडिशा की ओर जा रहे ▶▶| शेष पेज 12 पर

## सड़क हादसे में छात्रा की मौत

हरिभूमि न्यूज : कोंटा

डीएलएड की परीक्षा देने आ रहे एक छात्रा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी अनुसार कोंटा सुकमा मार्ग के एराबोर थाना अंतर्गत दरभागुड़ा के पास कार अनियंत्रित होने से हादसा हुआ। एनएच 30 में हुए इस सड़क दुर्घटना में दंतेवाड़ा की छात्रा त्रिवेणी बघेल की मौत हो



गई। कार में सवार अन्य तीन छात्र व चालक घायल हो गए। कार में चालक ▶▶| शेष पेज 12 पर

## बीमा कंपनी अदा करेगी उपचार व्यय की बीमा दावा राशि 6 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक प्रकरण में स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी रायपुर द्वारा आवेदिका के पति के उपचार की राशि 6 लाख रुपए एवं मानसिक क्षति के लिए 10 हजार रुपए देगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की




संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया है। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार निवासी त्रिवेणी झा के पति निर्मलकांत झा ने अपने जीवन काल में स्वयं का स्वास्थ्य बीमा स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी रायपुर से फैमिली हेल्थ ऑप्टिमा इंश्योरेंस पॉलिसी के अंतर्गत करवाया था। आवेदिका का पति पॉलिसी अवधि के दौरान लीवर की बीमारी से गंभीर रूप से ग्रसित हो गया था, जिसका विभिन्न अस्पतालों में उपचार किया गया और ▶▶| शेष पेज 12 पर



# बालश्रम उन्मूलन को लेकर लगा विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव द्वारा गुरुवार को आईटीआई कोण्डागांव में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में एवं सचिव सुश्री गायत्री साय के नेतृत्व में किया गया।

शिविर में प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट ने बतौर वक्ता बाल श्रम के खिलाफ कानूनों की जानकारी देते हुए कहा कि बाल श्रम निषेध एवं विनियमन अधिनियम के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी कराना दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम से बच्चों का मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास प्रभावित होता है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र–छात्रओं, प्रशिक्षकों और आम नागरिकों को बाल अधिकार, शिक्षा का महत्व, विधिक सहायता योजनाएं, साइबर सुरक्षा, बाल विवाह निषेध अधिनियम, पॉक्सो एक्ट तथा यातायात नियमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे न तो बाल श्रम करेंगे और न ही किसी को करने देंगे, बल्कि इसके उन्मूलन के लिए समाज को जागरूक करेंगे।

## विद्यार्थियों को दिलाई गई जागरुकता शपथ




### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर आईटीआई कोण्डागांव के संस्था प्रमुख अरुण कुमार सिंह, विजयपाल सिंह, लोकेश यादव एवं रंजन बैध सहित बड़ी संख्या में छात्र, प्रशिक्षक व नागरिक उपस्थित रहे। शिविर ने यह संदेश दिया कि बच्चों को कल का निर्माता मानते हुए उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान देना हर नागरिक का कर्तव्य है।

## खबर संक्षेप

### प्रवीण बनाए गए फरसगांव भाजपा मंडल के महामंत्री



**फरसगांव।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के निर्देशानुसार भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन और भाजपा कोंडागांव के जिला अध्यक्ष सेवक नेताम के अनुशंसा से भाजपा फरसगांव की मंडल कार्यसमिति का गठन कर 12 जून को विधिवत सूची जारी की गई। सूची में मंडल में प्रवीण राव को पार्टी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए उन्हें महामंत्री भाजपा फरसगांव बनाया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर प्रवीण राव कहा कि पार्टी के लिए और दृढ़ता और सभी को साथ लेकर पार्टी के लिए कार्य करेंगे। वरिष्ठ नेतृत्व के दिशा निर्देशों को धरातल पर क्रियान्वित करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रवीर बदेशा, जनपद पंचायत अध्यक्ष मान्कुराम नेताम, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, विश्वनाथ सिकदार, तरुण साना ने शुभकामनाएं दी हैं।

### कोंडागांव में शुरू हुई जिला स्तरीय 5–वन साइड फुटबॉल प्रतियोगिता



**कोण्डागांव।** फ्रेंड ऑर्गेनाइजर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय 5–वन साइड फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ 11 जून को किया गया। यह आयोजन जिले के युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने के लिए किया जा रहा है। प्रतियोगिता का पहला मैच सो मैच के रूप में यूएफसी गर्ल्स और यूएफसी सब जूनियर बॉयज़ के बीच खेला गया। इस अनूठे मुकाबले ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और खेल की समरसता को दर्शाया। उद्घाटन मैच में एम्पायर फुटबॉल क्लब और नागेश फुटबॉल क्लब आमने–सामने रहे। दोनों टीमों ने जबरदस्त प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। मैच में खिलाड़ियों की फुर्ती और रणनीति देखने लायक रही। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर जिला फुटबॉल संघ कोंडागांव के अध्यक्ष जसकेतु उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, अमोल बासुराय, सुरजन आचार्य, अशिम साहा, बी. जोन तथा अभिनव गुप्ता शामिल रहे। उद्घाटन समारोह में भारी संख्या में खेल प्रेमी, स्थानीय नागरिक और युवा मौजूद रहे। आयोजन में खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को मंच देने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

### विद्यालय गोलावंड में प्रवेश के लिए आवेदन लेंगे कल तक

**कोण्डागांव।** शैक्षणिक सत्र – 2025–26 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, गोलावंड, कोण्डागाँव में कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं और 11वीं में रिक्त सीटों के सापेक्ष अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। कक्षा 7वीं से 9वीं तक चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर जबकि कक्षा 11वीं के लिए चयन मेरिट के आधार पर किया जाना है। प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 14 जून 2025 है।

## मांग : खाद की किल्लत और बिजली संकट से किसान परेशान

# मर्दापाल में कांग्रेस का धरना- प्रदर्शन 4 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मर्दापाल में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में गुरुवार को एकदिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ने तेन्दूपत्ता जैसी महत्त्वपूर्ण आजीविका के खरीदी समय को केवल एक दिन तक सीमित कर आदिवासियों के हितों की अनदेखी की है। उन्होंने तेन्दूपत्ता को हरा सोना बताते हुए कहा कि यह बस्तरवासियों की जीवनरेखा है और इसे लेकर प्रदेश के वनमंत्री की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है।

■ स्कूल बंद करने पर भी कांग्रेसियों ने उठाया सवाल

प्रदर्शनकारियों ने किसानों को पर्याप्त खाद न मिलने और क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि इससे खेती–किसानी और रोजमर्रा के बिजली–आधारित कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। धरने में सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति को रोजगार विरोधी करार देते हुए कहा गया कि प्रदेशभर में 10463 स्कूलों को बंद किया जा रहा है। जिनमें कोण्डागांव जिले के 397 स्कूल भी शामिल हैं। इससे न सिर्फ हज़ारों शिक्षकों के पद समाप्त होंगे, बल्कि रसोइया, प्यून और स्वसहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं का भी रोजगार छिन जाएगा।




### राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

*धरने के अंत में कांग्रेस प्रतिनिधियों ने महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा, जिसमें चार सूत्रीय मांगों को तत्काल पूरा करने की मांग की गई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम, जिला महामंत्री रितेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष सुखराम पोयाम, रामनाथ नाग, राजू साहू, देवेंद्र कोर्राम, वरुण सेठिया, निमेंद्र दीवान, देवसिंग चक्रधारी, नरेन्द्र देवांगन, मनीराम कोर्राम, रविन्द्र दीवान, रूपधर, जीतू दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।*

### गरीब का बच्चा अंग्रेजी मीडियम में न पढ़े की भाजपा की सोच

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की शुरुआत कर गरीब वर्ग के बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा दिलाने का सपना साकार किया, लेकिन भाजपा सरकार को यह बात रास नहीं आई। भाजपा की नीतियां गरीब विरोधी और शिक्षा विरोधी हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि प्रदेश में युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं और भाजपा सरकार रोजगार के बजाय शराब दुकानों की संख्या बढ़ा रही है। इससे युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में जा रहा है, जो समाज के लिए गंभीर खतरा है। कांग्रेस ने नई शिक्षा नीति के 1.1 शिक्षक मॉडल को भी अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि इससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा।

# 58 प्रकरणों में 55 हजार से अधिक वसूला समन शुल्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग द्वारा कोंडागांव जिले में गत दिवस विशेष चेंकिंग अभियान चलाकर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। लापरवाहीपूर्वक वाहन चालन करने वाले 02 वाहन चालकों का लायसेंस निलंबन हेतु नोटिस जारी किया गया।

■ परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग द्वारा चलाया गया चेंकिंग अभियान

संयुक्त जांच के दौरान मोटरयान अधिनियम के तहत कुल 58 प्रकरणों में 55 हजार 800 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया। जिसमें बिना हेलमेट वाहन चलाने पर 28 प्रकरण, बिना सीट बेल्ट के 8 प्रकरण, बिना लायसेंस वाहन चलाने पर 7 प्रकरण, बिना फिटनेस वाहन संचालन पर 7 प्रकरण, बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र प्राप्त किये वाहन चलाने पर 6 प्रकरण, बिना वैध बीमा के वाहन संचालन पर 2 प्रकरण पर कार्रवाई की गई। इसी प्रकार 1 वाहन जिसका मोटरयान कर मई 2024 से बकाया होने पर एवं बिना फिटनेस संचालन होने पर वाहन पर जप्ती की कार्यवाही की गई है।

**कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी : अतुल-** जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैय्या ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। यातायात नियम एवं मोटरयान अधिनियम का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मोटरयान कर बकाया होने पर वाहन जब्त की कार्रवाई की जाएगी।

# कोंडागांव में युक्तियुक्तकरण से शिक्षा व्यवस्था में सुधार, कोई भी स्कूल अब शिक्षकविहीन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए शुरू की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के सकारात्मक परिणाम अब कोंडागांव जिले में दिखने लगे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर हुए इस बदलाव से जिले के 10 शिक्षकविहीन प्राथमिक विद्यालयों को आखिरकार शिक्षक मिल गए हैं। जिससे सैकड़ों बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सकेगा।

■ एकल शिक्षकीय भी नहीं रहे स्कूल

जिन प्राथमिक शालाओं में वर्षों से शिक्षक नहीं थे, उनमें माकड़ी विकासखंड के करमरी, डोंगरीपारा क्षमतापुर और नेवराय बड़ेराजपुर विकासखंड के रावसवाहीय और कोंडागांव विकासखंड के कोरमेल, बाखरा, ज्ञान ज्योति नयापारा छोटेबंजोड़ा, एहरा और खुटडोबरा शामिल हैं। इन स्कूलों में अब शिक्षकों की नियुक्ति से शैक्षणिक गतिविधियां फिर से गति पकड़ेंगी और विद्यार्थियों को नियमित व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी।

### स्कूल में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था की गई

*इसके अलावा, जिले के 244 एकल शिक्षकीय प्राथमिक शालाओं, दो पूर्व माध्यमिक शालाओं फरसगांव विकासखंड के उच्च प्राथमिक शाला भैंसाबोड़ और माध्यमिक शाला बाजारपारा फरसगांव, दो हाई स्कूलों कोंडागांव विकासखंड के डोंगरीगुड़ा और नवागांव और माकड़ी विकासखंड के हाईस्कूल एरला सहित एक हायर सेकेंडरी स्कूल में भी शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इस युक्तियुक्तकरण से कोंडागांव जिले में अब कोई भी स्कूल शिक्षकविहीन या एकल शिक्षकीय नहीं रहा है। यह पहल जिले की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।*

# सर्जरी करके गाय के पेट से निकाली गई लगभग 80 किलो पॉलीथिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शहर में बुधवार को एक जटिल चिकित्सा प्रक्रिया के अंतर्गत एक गाय के रूमेन पेट से लगभग 80 किलोग्राम पॉलीथीन सफलतापूर्वक निकाली गई। यह सर्जरी पॉलीथिन इम्पैक्शन के कारण की गई जो कि जानवरों के लिए जानलेवा हो सकती है। यह रूमेनोटोमी सर्जरी उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एम.बी. सिंह के निर्देशन में डॉ. ढालेश्वरी एवं डॉ. दीपिका सिदार द्वारा सफलतापूर्वक की गई। सर्जरी में सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी अश्विन नेताम एवं खेमराज साहू का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। ऑपरेशन के बाद गाय विशेषज्ञों द्वारा विशेष देखरेख में है।

डॉ. ढालेश्वरी ने बताया कि गाय में पॉलीथिन इम्पैक्शन तब होता है जब गायें गलती से पॉलीथीन या प्लास्टिक खा लेती हैं, जो रूमेन पेट में जमा होकर पाचन में रुकावट पैदा करता है। इससे गाय में भूख कम होना, जुगाली बंद होना, पेट फूला रहना, वजन घटना और कब्ज जैसी समस्याएँ होती हैं। इसका मुख्य कारण कूड़े के ढेर से चारा खाना है। निदान के लिए रूमेन की जांच और रूमेनोटोमी सर्जरी की जाती है। उपचार में सर्जरी से पॉलीथीन हटाकर विटामिन, फ्लूइड और रूमेन उत्तेजक दिए जाते हैं। रोकथाम के लिए पॉलीथीन कचरे का सही निपटान और पशुपालकों को जागरूक करना जरूरी है। पशुपालन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे पॉलीथीन का उपयोग न करें, कूड़ा–कचरा खुले में न फेंकें, और अपने पशुओं को खुले में कचरा खाने से रोकें।

# रेलवे फाटक में ब्रिज नहीं होने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संभागीय मुख्यालय के किनारे आड़ावाल एवं लामनी के पास स्थित रेलवे फाटक में दुर्घटनाएं होने की संभावना बढ़ी है। इस पर लोक निर्माण विभाग के सेतु निर्माण संभाग दोनों स्थानों में ओवरब्रिज निर्माण कार्य किया जाएगा। हालांकि दोनों स्थानों में बोर की टेस्टिंग कर सर्वे किया गया।

■ लामनी व बायपास आड़ावाल में रेलवे ओवरब्रिज के लिए किया सर्वे

शहर के व्यस्तम लामनी मार्ग एवं बायपास आड़ावाल में रेलवे ओवर ब्रिज नहीं होने के कारण लोगों को आवाजाही करने में अत्यधिक परेशानी होती है। दिन में कई मालगाड़ी एवं पैसेंजर के आवागमन के चलते रेलवे गेट को बंद कर दिया जाता है, जिसके कारण लोगों को मार्ग बहाली के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। इसके चलते दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। उमसभरी गर्मी में लोग जाम से परेशान थे। यह केवल एक दिन या एक घंटा की बात नहीं है सुबह से सभी दिन इस प्रकार का नजारा देखने को मिलता है। काफी महत्वपूर्ण पथ होने के बावजूद यहां पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण नहीं कराया जा सका है। जिसके चलते इस रास्ते में सफर करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इस रास्ते प्रतिदिन सैंकड़ों ट्रकों समेत चार पहिया, दोपहिया वाहन गुजरते हैं। कई बड़ी ट्रकों से लेकर छोटे चार पहिया वाहनों का आवागमन होता है। इसके अलावा सैंकड़ों की संख्या में दो पहिया वाहन, ऑटो, ई-रिक्शा समेत अन्य वाहनों का आवागमन होता है। ओवरब्रिज नहीं रहने के कारण इस रास्ते गुजरने वाले वाहनों को रेलवे फाटक बंद होने के बाद काफी समय तक जाम में फंसा रहना पड़ता है। लोगों को परेशानी से छुटकारा के लिए लोक निर्माण विभाग के सेतु निर्माण संभाग की ओर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा।



### सर्वे मुख्यालय को भेजा

लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण जगदलपुर संभाग के एसडीओ श्रीनिवास कोराम ने बताया कि बजट में दोनों रेलवे फाटक में रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए सर्वे कर मुख्यालय को भेजा गया है। स्वीकृति होने के बाद टेंडर कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

# राष्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस पर चलाया जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक और भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों का सर्वेक्षण, रेस्क्यू एवं पुनर्वास हेतु गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा जिले में बालश्रम निषेध अभियान चलाया गया।

■ होटलों, रेस्टोरेंट, ढाबा एवं अन्य स्थलों में घूम–घूम कर किया निरीक्षण

बाल अधिकार संरक्षण आयोग से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण ईकाई, पुलिस विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन के संयुक्त दल द्वारा चिन्हांकित स्थानों में सघन अभियान चलाते हुए बालश्रमिक, भिक्षावृत्ति, अपशिष्ट संग्रहण में लिप्त बच्चों के पुनर्वास के लिए विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट, ढाबा, मोटर गैरेज, कपड़े की दुकान, राईस मिल, एवं अन्य चिन्हांकित स्थलों में घुम–घुम कर निरीक्षण किया गया।



**चिन्हांकित 2 बच्चों का किया पुनर्वास -** व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कार्य करते हुए पाये गये बच्चों के आयु पूछताछ कर प्रतिष्ठान संचालकों को नाबालिग बालकों से कार्य न लेने की समझाइश दी गई। चिन्हांकित 2 बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर परिवार में पुनर्वास किया गया। शिक्षा विभाग से समन्वय कर शिक्षा से जोड़ते हुये विभिन्न योजना से लाभन्वित किया जाएगा।

## पेज 11 के शेष

### विकसित भारत के...

सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, पूर्व विधायक संतोष बाफना, बैदूराम कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डेय, रजनीश पाणिग्राही, आलोक अवस्थी व नगर अध्यक्ष प्रकाश झा मौजूद थे।

**देश कभी 142 वीं रैंक में था, अब 63 वें रैंक में पहुंच चुका-** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने नई औद्योगिक नीति लागू की है। जिसकी वजह से भारत में विदेशी कंपनियों ने बड़े-बड़े संयंत्र की स्थापना की है। प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार ने बिजनेस को जमीन पर उतारते हुए भारत को 142 वीं रैंक से 63 वीं रैंक तक पहुंचाया है। व्यापार को आसान बनाने वाली नीतियों के परिणामस्वरूप 2023-24 में 1.80 लाख से अधिक नई कंपनियां भारत में रजिस्टर हुईं। इमरजेंसी क्रेडिट लाईन गारंटी योजना के तहत एमएसएमई को ऋण उपलब्ध कर 2.39 लाख करोड़ रूपए का एनपीएम होने से बचाया और इसके अलावा भारत ने 2024-25 में 825 अरब डॉलर से अधिक का वस्तु और सेवा निर्यात कर आर्थिक मोर्चे पर भी विश्व में नए आयाम स्थापित किए। विजय शर्मा ने कहा कि राजनीति से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सांस्कृतिक और धार्मिक क्षेत्र प्रगति की नयी कहानी लिखी है। 11 साल के कार्यकाल में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी किया जाना, विश्वनाथ और महाकाल कॉरिडोर आदि दर्जनों उपलब्धियां हैं।

### समलेश्वरी-राउरकेला...

समलेश्वरी एक्सप्रेस, राउरकेला से जगदलपुर तक चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर से जगदलपुर तक चलने वाली हीराखण्ड एक्सप्रेस ट्रेनों को 12 से 18 जून तक परिवर्तित लाइन जगदलपुर तक आना-जाना करेगी। इस अवधि में तीनों एक्सप्रेस ट्रेनें कोरापुट को छुए बिना मालाबार होकर जगदलपुर आएगी और जाएगी।

**परिवर्तित मार्ग से चलेंगी ये गाड़ियां-** विशाखापटनम रेल मंडल से जारी आदेश के अनुसार ट्रेन संख्या 18005 हावड़ा से जगदलपुर तक चलने वाली समलेश्वरी एक्सप्रेस 12 से 18 जून तक हावड़ा से छूटने वाली गाड़ी कोरापुट को छुए बिना डुमुरिपुट-मालाबार के रास्ते परिवर्तित मार्ग जगदलपुर संचालित होगी। यही ट्रेन संख्या 18006 13 से 19 जून तक जगदलपुर से छूटने वाली जगदलपुर-हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस कोरापुट को छुए बिना डुमुरिपुट- मालाबार के रास्ते परिवर्तित मार्ग से रायगड़ा होते हावड़ा तक चलेगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या 18107 इंटरसिटी एक्सप्रेस 12 से 18 जून तक राउरकेला से कोरापुट को छुए बिना डुमुरिपुट- मालाबार के रास्ते परिवर्तित मार्ग जगदलपुर तक चलेगी। जबकि वापसी में यह ट्रेन संख्या 18108 इंटरसिटी एक्सप्रेस 13 से 19 जून तक जगदलपुर से कोरापुट को छुए बिना डुमुरिपुट-मालाबार के रास्ते परिवर्तित मार्ग से राउरकेला चलेगी। इसी तरह ट्रेन नं. 18447 हीराखण्ड एक्सप्रेस 12 से 18 जून तक भुनेश्वर से छूटकर कोरापुट को छुए बिना डुमुरिपुट-मालाबार के रास्ते परिवर्तित मार्ग से जगदलपुर चलेगी। जबकि 13.से 19 जून तक जगदलपुर से छूटने वाली ट्रेन संख्या 18448 जगदलपुर-भुवनेश्वर हीराखंड एक्सप्रेस कोरापुट को छुए बिना डुमुरिपुट-मालाबार के रास्ते परिवर्तित मार्ग से भुवनेश्वर चलेगी। इस बात की पुष्टि विशाखापटनम रेल मंडल मुख्यालय से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के संदीप ने यात्रियों से अपील करते कहा कि वे इन बदलावों को ध्यान में रखें।

### सेमरा हादसाः घायल ...

थे। इसी दौरान सामने से जा रही कार को ओवरटेक कर आगे जा रही उनकी बाइक तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गई थी। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाईक सवार गुड्डु की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायल पत्नी व बच्ची को एम्बुलेस से उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना किया गया।

**कार्रवाई की जा रही-** नगरनार टीआई संतोष सिंह ने बताया कि दोनों घायलों को उपचार के लिए मेकाज रवाना कर एक्सीडेंट करने वाले ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीपी 7333 को जब्त कर कार्रवाई की जा रही थी। इसी बीच घायलों की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। तीन मौत से मृतक के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं नगरनार पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क हादसे में...

गोपाल नाग सहित पांच लोग थे। जिसमें तीन अन्य छात्र निधी चौधरी, चंद्रशेखर चौधरी और डेलु कुमार साहू सवार थे। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए पुलिस की मदद से कोंटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। यह हादसा सुबह सवा नव बजे के आसपास हुआ।

**परिजन को सौंपा गया शव-** एरार्बोर थाना प्रभारी अभिलाष टंडन मौके पर पहुंच छात्रों को मदद पहुंचाई। हादसे में जान गंवाई छात्रा का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### बीमा कंपनी अदा...

इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। आवेदिका द्वारा बीमा कंपनी के समक्ष उपचार में हुए व्यय की राशि प्राप्त करने हेतु दावा प्रस्तुत किए जाने पर बीमा कंपनी द्वारा पूर्व बीमारी को छुपाने एवं आवश्यक दस्तावेज बीमा कंपनी को प्रदान नहीं करने का आक्षेप लेते हुए आवेदिका का बीमा दावा निरस्त कर दिया था। जिसे क्षुब्ध होकर आवेदिका द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने यह माना कि बीमा कंपनियां तकनीकी आधार पर बीमा दावों से अस्वीकार करती हैं जबकि बीमा दावों का निपटारा करते समय बीमा कंपनी को बहुत अधिक तकनीकी नहीं होना चाहिए और उन दस्तावेजों की मांग नहीं करना चाहिए जो बीमित व्यक्ति के नियंत्रण से परे हैं और जिसे परिस्थितियों के चलते प्रस्तुत करने में असमर्थ है। इस हेतु बीमा कंपनी पर आवेदिका को हुई मानसिक पीड़ा हेतु पृथक से 10 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति दिए जाने का भी आदेश पारित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### मजदूरों को गांव में ही मिल रहा रोजगार

**बीजापुर।** दशकों तक माओवादियों की दशहत की गूंज के चलते पालनार में ग्रामीणों की जिंदगी सिसकियां ले रही थी। शासन की योजनाएं तो दूर प्रशासन स्तर के अधिकारी कर्मचारी को भी इस क्षेत्र में जाने की मनाही थी। आज उसी पालनार ग्राम में ग्रामीण शासन की योजनाओं से जुड़कर कंधे से कंधा मिलाकर विकास के पथ की ओर अग्रसर हो रहे हैं। पालनार में वर्तमान में महात्मा गांधी नरेगा योजना से पंचायत भवन, आंगनबाड़ी और डबरी निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। यह सब संभव हो पा रहा है, छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना नियद नेल्लानार की बदौलत। इस ग्राम में नए जुड़े मजदूरों को उनका महात्मा गांधी नरेगा से बने जॉबकार्ड वितरण किया गया। जॉबकार्ड अपने हाथों में पाकर ग्रामीण श्रमिको की खुशी देखते ही बन रही थी। पालनार में मनरेगा योजनांतर्गत 201 श्रमिक कार्ड है, जिसमें कुल 369 पंजीकृत श्रमिक है।

### नवोदय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**सुकमा।** नगर के पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय कुम्हाररस सुकमा छत्तीसगढ़ में सत्र 2026 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। प्राचार्य ने कहा कि आवेदन की अंतिम तिथि आगामी 29 जुलाई है। प्रवेश परीक्षा से संबन्धित जानकारी एवं ऑनलाइन फॉर्म भरने हेतु वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। सुकमा जिले के सुकमा एवं छिंदगढ़ विकासखंडों में आने वाले समस्त शासकीय तथा मान्यता प्राप्त अशासकीय प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को जिले के दोनों प्रखंडों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी।

### मरम्मत कार्य की उठी मांग, ग्रामीणों ने किया धरना-प्रदर्शन

# बस्तर ब्लॉक में पेयजल संकट गहराया, वर्षों से बंद हैं हैंडपंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

- मरम्मत कार्य में पक्षपात का आरोप,
- पीएचई विभाग पर गंभीर आरोप

बस्तर ब्लॉक की कई ग्राम पंचायतों में पेयजल संकट दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है। क्षेत्र के अनेक हैंडपंप बीते 2 से 3 वर्षों से खराब पड़े हैं और अब तक उनकी मरम्मत नहीं की गई है। इससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है या फिर अस्वच्छ जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जिससे जनस्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, घाटलोहंगा गांव में तो हैंडपंप की मरम्मत कर दी गई है, लेकिन कुदालागांव सहित अन्य गांवों में अब भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि मरम्मत कार्य में पक्षपात हो रहा है और कुछ ही गांवों को प्राथमिकता दी जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को बार-बार शिकायतें दी गईं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 15 दिन पहले शिकायतें देने के बावजूद न तो अधिकारी गांव में आए और न ही मरम्मत कार्य शुरू हुआ।



### 27 मई को हुआ था विरोध प्रदर्शन

गंभीर जल संकट के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने 27 मई को जल जीवन मिशन के तहत धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया। उन्होंने पीएचई विभाग का घेराव किया और संबंधित मंत्रियों को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो आगे और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### विधायक का समर्थन

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने भी ग्रामीणों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा, यदि समय रहते इस गंभीर जल संकट का समाधान नहीं किया गया, तो हम एक तारीख को ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन एवं भूख हड़ताल के लिए बाध्य होंगे। इसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### जनता की मांग

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सभी प्रभावित गांवों में हैंडपंपों की मरम्मत का कार्य शीघ्रता से और बिना भेदभाव के कराया जाए। साथ ही इस कार्य की निगरानी के लिए एक निष्पक्ष समिति गठित की जाए, ताकि कोई भी गांव उपेक्षित न रह जाए।

## युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में अनियमितताओं को लेकर विधायक गंभीर, कमिश्नर को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा/भोंड

बस्तर जिले में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण और काउंसलिंग प्रक्रिया को लेकर मचे बवाल के बीच अब बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने भी मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कमिश्नर बस्तर संभाग को एक पत्र लिखते हुए इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और त्रुटियों के निराकरण की मांग की है।



विधायक ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि वे स्वयं युक्तियुक्तकरण के पक्षधर रहे हैं और आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्षीय कार्यकाल में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। वर्तमान में जिस तरह से बस्तर जिले में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया संचालित की गई, उसने पारदर्शिता और न्यायसंगतता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं।

उन्होंने बताया कि सर्व शैक्षिक संगठन जिला बस्तर द्वारा प्रस्तुत शिकायत में कई ऐसे तथ्यों का उल्लेख किया गया है, जिनसे स्पष्ट होता है कि प्रक्रिया में गंभीर स्तर की गड़बड़ियां हुई हैं। शिक्षकों को बिना पक्ष रखने का अवसर दिए अतिशेष घोषित किया गया, रिक्त पदों को छिपाया गया और एकल शिक्षकीय स्कूलों की स्थिति को गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया। यहां तक कि वरिष्ठता सूची में जन्मतिथि और नियुक्ति तिथि जैसी महत्वपूर्ण जानकारी तक नहीं दर्शाई गई। विधायक ने यह भी कहा कि 2014 में युक्तियुक्तकरण के तहत पदस्थ शिक्षकों को पुनः अतिशेष बताया जाना गलत है। साथ ही उन्होंने यह सवाल उठाया कि यदि एक खण्ड शिक्षा अधिकारी को गड़बड़ी के लिए निलंबित किया गया है, तो पूरी प्रक्रिया को अंतिम रूप देने वाली समिति के अन्य सदस्यों को क्यों बचाया जा रहा है। उन्होंने कमिश्नर से आग्रह किया है कि युक्तियुक्तकरण की पूरी प्रक्रिया की पुनः समीक्षा, परीक्षण और जांच करवाई जाए तथा इसके लिए एक निष्पक्ष समिति का गठन किया जाए ताकि किसी भी शिक्षक के साथ अन्याय न हो।

उन्होंने यह भी कहा कि विभागीय कार्यों में त्रुटियां होना संभव है, लेकिन उन त्रुटियों का समय रहते सुधार किया जाना आवश्यक है, ताकि शिक्षकों के मौलिक अधिकारों का हनन न हो। अब यह देखना अहम होगा कि कमिश्नर इस मामले में आगे क्या निर्णय लेते हैं और युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया की पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

## पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी के मार्गदर्शन में मिलकर अपनी एक सूत्रीय मांग, प्रथम नियुक्ति तिथि 1998 से सेवा की गणना करते हुए पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिए जाने संबंधी 11 जून को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी ने अवगत कराया कि हमारी नियुक्ति 1998-99 की है और सभी विभागों के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जा चुका है सिर्फ 1998-99 वाले शिक्षकों को वंचित किया गया है।



जबकि शासन पर किसी भी प्रकार की कोई वित्तीय भार नहीं पड़ेगा की भी जानकारी से अवगत कराया गया। आपके तरफ से सहमति प्रदान की जाए ताकि सरकार सकारात्मक निर्णय ले। संभागीय अध्यक्ष यदुवेंद्र प्रताप शिक्षा विभाग में 1 जुलाई 2018 को डॉ.रमन सिंह के शासन काल में किया गया और अब स्थिति यह निर्मित हो रही है कि हमारे जो साथी सेवानिवृत हो रहे हैं या हो चुके है उन्हें पेंशन की राशि नहीं मिल रही है। क्योंकि इनकी सेवा अभी दस वर्ष नहीं हुई है। जिसके कारण पेंशन के दायरे में नहीं आ रहे हैं। शिक्षकों की संख्या आज लगभग 15000 हजार ही है। सेवानिवृत्ति पश्चात पेंशन भुगतान के लिए हमारे द्वारा एनपीएस की जमा की गई राशि को पेंशन लाभ के लिए जीपीएफ में समायोजन किया जा सकता है। जब हमारी नियुक्ति हुई थी, तो उस समय एनपीएस लागू ही नहीं था पुरानी पेन्शन कर्मचारियों को दी जा रही थी। पुरानी पेंशन का लाभ प्रथम नियुक्ति तिथि 1998 से नियमानुसार दिया जा सकता है।

# बस्तर की नई उम्मीद- पुनः प्रारंभ होगी बहुप्रतीक्षित बोधघाट सिंचाई परियोजना

### तीन जिलों के 269 गांवों को मिलेगा सीधा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

बस्तर अंचल के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए प्रदेश सरकार ने बोधघाट सिंचाई परियोजना को पुनः प्रारंभ करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में यह बहुप्रतीक्षित परियोजना अब विकास की नई धारा प्रवाहित करेगी, जिससे दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिलों के ग्रामीण अंचलों में स्थायी सिंचाई एवं ऊर्जा उत्पादन की मजबूत आधारशिला रखी जाएगी।

करीब 49,000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना से 3,78,475 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा सुनिश्चित की जाएगी, जिससे तीनों जिलों के 269 गांव सीधे लाभान्वित होंगे। यह परियोजना बस्तर अंचल के कृषि क्षेत्र को नई ऊर्जा देगी तथा क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा को मजबूत करेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत गोदावरी और इंद्रावती नदी के जल संसाधनों का समुचित दोहन करते हुए नहर नेटवर्क, जलाशय और पंप हाउस का निर्माण होगा, जिससे किसानों को रबी और खरीफ दोनों सीजन में जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।




### ऊर्जा उत्पादन और रोजगार के नए द्वार

बोधघाट परियोजना से सिंचाई के साथ-साथ विद्युत उत्पादन की भी सुविधा विकसित की जाएगी। इंद्रावती-महानदी इंटरलिंक परियोजना के अंतर्गत करीब 125 मेगावाट बिजली उत्पादन और 4800 टन मछली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो क्षेत्र में अतिरिक्त रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराएगा।

### दंतेवाड़ा के लिए विशेष महत्व

दंतेवाड़ा जिले के 100 से अधिक गांव इस परियोजना से सीधे लाभान्वित होंगे। यह परियोजना न केवल किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी, बल्कि आदिवासी समुदाय के आर्थिक और सामाजिक उत्थान का भी आधार बनेगी। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि बस्तर के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने परियोजना के क्रियान्वयन में जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग देने की बात कही।

**न्यायालय - व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.).**
**अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत अनावेदकगण 04 की उपस्थिति हेतु नोटिस**

उत्तरा. प्रकरण क्रमांक-03/2025
प्रोसेस क्रमांक-102/2025
पेशी दिनांकः-23/06/2025
जारी दिनांक-11/06/2025

श्रीमती निर्मला देवदास.................आवेदिका
विरूद्ध
श्रीमती यामिनी देवदास व अन्य.........अनावेदकगण

उपरोक्त प्रकरण के संदर्भ में आप अनावेदक क्र. 4-आम जनता को नोटिस दिया जाता है किः- आवेदिका की पति स्व. यादवेन्द्र कुमार देवदास की मृत्यु दिनांक 17/11/2023 को हो जाने से उनकी पत्नि के नाम से बी.आई.ओ.एम. बचेली काम्पलेक्स में जी.पी.एफ, ग्रेच्युटी राशि एन.एम.डी.सी. लिमिटेड बचेली जमा होने से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग किये जाने पर आवेदिका द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 23 माह 06 सन 2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष नियत है।

अतः इस नोटिस के माध्यम से आप अनावेदक क्रं.04-आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त दिनांक 23 माह 06 सन 2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से या इस संबंध में आपके लिए विधिवत प्राधिकृत कोई भी व्यक्ति उपस्थित होवें एवं पक्ष रखें तथा अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में सुनवाई की जाकर अग्रिम कार्यवाही किया जायेगा।

यदि किसी कारण न्यायालयीन अवकाश हो जाता है तो उक्त मामले की सुनवाई अगले कार्य दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 11 माह 6 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

(श्रीमती अपूर्वा दाँगी)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी,
जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)
मुहर

## सब्जी मार्केट में व्यापारियों के बीच जमकर हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

सब्जी मार्केट में फुटकर सब्जी विक्रेता एवं शॉपिंग सेंटर के व्यापारियों के बीच आज जमकर हंगामा हुआ। दरअसल विवाद पार्किंग एरिया को लेकर था। एनएमडीसी द्वारा कई वर्ष पहले ही फूटकर सब्जी व्यापारियों के लिए शेड का निर्माण किया गया, लेकिन फुटकर व्यापारियों द्वारा आज भी पार्किंग एरिया में दुकान लगाई जा रही थीं, जिसका शॉपिंग सेंटर वालों ने विरोध किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगरपालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अगर कोई व्यापारी पार्किंग एरिया में दुकान लगाते हुए पाया जाता हैं तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायगी। वही नगरपालिका उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी के द्वारा मार्किंग का निर्देश देते हुए सभी व्यापारियों के दुकान की जगह निर्दिष्ट किया गया, जिससे ग्राहकों के आने जाने, वाहन को सुरक्षित पार्किंग करने और किसी दुर्घटना की स्थिति में एंबुलेंस के आने-जाने में कोई असुविधा न हो।



इस सम्बन्ध में उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी ने कहा कि सब्जी विक्रेताओं को बाजार में शेड का निर्माण करके दिया गया है और उसका आवंटन भी हो चूका हैं, लेकिन कई विक्रेताओं द्वारा दुकान शेड के बाहर सड़क में ही लगाई जा रही थी, जो की पार्किंग स्थल है। लोगों के आने-जाने में भी बहुत असुविधा हो रही थी इसलिए आज उसका समाधान किया गया।

## किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं व नवाचोरों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन 29 मई से 12 जून तक किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं और नवाचारों की जानकारी देना था, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और खेती को एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में अपना सकें। इस अभियान में कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने सहभागिता की।

इन विभागों के माध्यम से किसानों को खेतों की तैयारी, उन्नत बीजों का चयन, जैविक खेती, उर्वरक प्रबंधन, पशुपालन के आधुनिक तरीके, मछली पालन और बागवानी तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, कृषक समृद्धि योजना, जैविक खेती प्रोत्साहन योजना जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी किसानों तक पहुंचाई गई, जिससे वे इनका लाभ उठा सकें। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न ग्रामों में शिविरों का आयोजन कर किसानों से प्रत्यक्ष संवाद किया गया। विशेषज्ञों द्वारा फसल समस्याओं का समाधान, मिट्टी परीक्षण, जल प्रबंधन और मूल्य संवर्धन तकनीकों पर भी किसानों को प्रशिक्षित किया गया।



जिला प्रशासन की पहल और कृषि संबंधित विभागों के सामूहिक प्रयास से यह अभियान अत्यंत सफल रहा और किसानों में जागरूकता और उत्साह का संचार हुआ। भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों से क्षेत्र की कृषि प्रणाली को और अधिक मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिलेगी।

## सेन्ट्रल लाईब्रेरी एवं गारमेंट फैक्ट्री में दिलाया गया नशामुक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर


भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली एवं समाज कल्याण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा 1 जून से 26 जून तक अंतराष्ट्रीय नशा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश के तारतम्य में 11 जून को जिला बीजापुर अंतर्गत सेंट्रल लाईब्रेरी बीजापुर एवं गारमेंट फैक्ट्री में नशा निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




उक्त कार्यक्रम में नशा-पान के दुष्प्रभाव के संदर्भ में संगोष्ठी आयोजित की गयी। नशे के दुष्परिणाम की विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। उपसंचालक समाज कल्याण कमलेश पटेल द्वारा जिले में संचालित समाज कल्याण की समस्त योजनाओं का विस्तार पूर्वक जानकारी से सभी को अवगत कराते हुए नशे से दुर रहने एवं छोड़ने की सभी को शपथ दिलाया गया। नशा निवारण माह अंतर्गत इस प्रकार के अन्य संगोष्ठीया भविष्य में भी आयोजित किये जाने की जानकारी समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जायेगी।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

TEAM CREATIVE

**न्यायालय तहसीलदार नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग )**

रा.मा.क्र./202503170500009/अ-21(4)/2024-25

**:: उद्घोषणा-पत्र ::**

एतद् द्वारा समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है आवेदिका आशिया बेगम पति मिनाजुद्दीन, जाति मुसलमान, निवासी नारायणपुर ने कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है कि उनके नाम पर ग्राम नारायणपुर, पटवारी हल्का नंबर 17 नारायणपुर में भूमि खसरा क्रमांक 404/5 रकबा 0.0170 हेक्टेयर भूमि अधिकार पर अंकित है, उक्त भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित भूमि है, रुपयों की आवश्यकता होने के कारण उक्त भूमि में से रकबा 0.010 हेक्टेयर भूमि को प्रस्तावित क्रेता चंदाकुमारी पिता कांग्रेस सिंह, जाति क्षत्रिय, निवासी नारायणपुर, तहसील व जिला नारायणपुर को रुपये 2,00,000 (रुपये दो लाख मात्र) में विक्रय करना चाहता है, अतः विक्रय अनुमति प्रदाय किया जावे। उक्त संबंध में प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसकी सुनवाई दिनांक 16.06.2025 को इस न्यायलय में नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आगामी सुनवाई तिथि को या इसके पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

मुहर
तहसीलदार
नारायणपुर

**न्यायालय तहसीलदार भैरमगढ़ जिला-बीजापुर (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क्र./ 202506180700001 /अ-6/2024-25

ग्राम फुलगटटा के सर्वसाधारण को ईश्तहार जारी करते हुए सूचित किया जाता है, कि आवेदक कवरलाल पिता शंकरलाल उम्र 73 वर्ष साकिन हिकमीपारा जगदलपुर जिला-बस्तर (छ.ग.) के द्वारा साकिन फुलगटटा राजस्व निरीक्षक नेलसनार में स्थित भूमि खसरा न. 37 में से 1.8210 हेक्टयर भूमि में उनके चाचा स्व. चैतमल पिता स्व. देवाजी गोयल के नाम दर्ज हैं। जिनकी मृत्यु दिनांक 24/11/2005 को हो गया। उनकी पत्नी बरजूबाई गोयल की मृत्यु दिनांक 23/08/2017 को हो गई है। दोनों भूमिस्वामी की मृत्यु निःसंतान हो चुकी है। उक्त वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक के चाचा स्व. चैतमल का नाम विलोपित कर आवेदक कवरलाल गोयल का नाम शामिल कराना चाहते है, उक्त संबंध में आवेदन पत्र, बी- (1) फॉर्म पी- ।। खसरा पांचसाला, खण्ड 1 भूमिस्वामी का विवरण वर्ष 2019-20, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित इस न्यायालय में छ.ग. भू.रा.स. की धारा 109 एंव 110 के तहत नामांतरण हेतु विचारधीन है।

इस घोषणा पत्र पर किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि अथवा विधि व्यवसायी द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 30/06/2025 समय 11.00 बजे तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात प्राप्त किसी दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

तहसीलदार
भैरमगढ़

**न्यायालय तहसीलदार, एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**//उद्घोषणा पत्र//**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गीता अवस्थी पति स्व. नारायण अवस्थी निवासी प्रतापदेव वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अपने स्व. श्यामा अवस्थी पति स्व. हर्ष अवस्थी निवासी प्रतापदेव वार्ड जगदलपुर का मृत्यु दिनांक 15/02/2012 को निवास स्थान शहर प्रतापदेव वार्ड जगदलपुर में हुआ है। आवेदिका किसी कारण से अपने पुत्र वधु का मृत्यु तिथि 15/02/2012 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी जगदलपुर/उप पंजीयक ग्राम पंचायत जगदलपुर के अभिलेख में दर्ज नहीं करा पाया था। वर्तमान में आवेदिका को अपने पुत्र वधु का शासकीय कार्य के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उक्त संबंध में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सरपंच / पार्षद का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है ।

उक्त आवेदन पत्र पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 24/06/2025 तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई अथवा विचार नहीं की जावेगी ।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 10/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर
तहसीलदार (नजूल)
जगदलपुर

जिलों में आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| जगदलपुर शहर | 5 पद | योग्यता |
| कोण्डागांव शहर | 5 पद | 12 से स्नातक |
| केशकाल शहर | 2 पद | वेतन |
| कांकेर शहर | 3 पद | 10000/- |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो जगदलपुर शहर, कोण्डागांव शहर, केशकाल शहर, कांकेर शहर क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें। जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

Resume Whatsapp करें 9098324969

जगदलपुर - 9098324969
कोण्डागांव - 9098324969
केशकाल - 9098324969
कांकेर - 7000955574

हरिभूमि
कार्यालय
धमतरी रोड,
टिकरापारा, रायपुर
(छत्तीसगढ़)

**खबर संक्षेप**

### ढाबा मालिक और कर्मचारियों ने मिस्त्री के साथ की मारपीट

**कांकेर।** कोमलपुर में संचालित ढाबा में काम करने वाले मिस्त्री के साथ ढाबा संचालक और उसके कर्मचारी ने मजदूरी मांगने पर मारपीट कर दिया। मारपीट करने से पीड़ित को गंभीर चोट आई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे बालोद जिला के गुरूर थानांतर्गत ग्राम बगदई निवासी 43 वर्षीय मनोहर सिवना पिता स्व. धनसाय राम सिवना ने पुलिस को बताया कि कोमलपुर के ढाबा में मिस्त्री का काम करता हूं। 11 जून को साढ़े 10 बजें ढाबा के मालिक रामाराम को अपने काम किए हुए पैसा को मांगा। पैसा मांगने पर ढाबा के मालिक ने कहा कि तुम मेरे ढाबा के काम करने के दौरान खाना पीना किए हो, उसका पैसा को पहले जमा करों, तब ही मै तुम्हारा पैसा दूंगा।

## ट्राइफेड की फूडपार्क के संचालन के लिए उप मुख्यमंत्री और वन मंत्री ने की बैठक

# फूड पार्क के भवन और स्थापित मशीनों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ट्राइफूड परियोजना भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्रालय के ट्राइफेड द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सहयोग से जिला प्रशासन की सहायता से क्रियान्वित किया जाना है। ट्राइफूड का उद्देश्य आदिवासी वन संग्रहकर्ताओं द्वारा एकत्र किए गए लघु वनोपजों के बेहतर उपयोग और मूल्य संवर्धन के माध्यम से आदिवासियों की आय में वृद्धि करना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और बस्तर जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप ने जगदलपुर शहर के नजदीक सेमरा स्थित ट्राइफेड के ट्राईफुड पार्क के सभाकक्ष में बैठक लेकर ट्राईफुड पार्क के संचालन के लिए विस्तृत चर्चा की। ज्ञात हो कि ट्रायफेड द्वारा 8.20 करोड़ की लागत से सेमरा जगदलपुर में ट्राईफूड पार्क तैयार कर लिया गया है इसका सकल क्षेत्रफल लगभग 21.55 एकड़ है, जिसमें 4.36 एकड़ में प्लाट स्थापित है।

- लघु वनोपजों के बेहतर उपयोग और मूल्य संवर्धन के माध्यम से आदिवासियों की आय में वृद्धि करना





**ये रहे मौजूद**

बैठक में विधायक विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, ट्राईफेड के पूर्व एमडी प्रवीण कृष्णा, बस्तर आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस, एसपी शलभ कुमार सिन्हा सहित ट्राईफेड के डिप्टी जनरल ममता शर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभाकर खदाने सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि जगदलपुर बस्तर में ट्रायफेड द्वारा स्थापित यह फूड पार्क वनोत्पाद और स्थानीय उत्पादों की एक प्रमुख प्रसंस्करण इकाई है, जिसमें वनधन केन्द्रों एवं स्थानीय जनजाति कृषकों से कच्ची सामग्री (विशेषकर लघु वनोपज) न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर लेकर उसका प्रसंस्करण कर उत्पादन, पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग किया जाएगा। बैठक में इस फूड पार्क के व्यवस्थित संचालन एवं आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। ट्राइफेड के अधिकारी ने बैठक में बताया कि इस फूड पार्क में शहद प्रोसेसिंग,काजू प्रोसेसिंग, इमली प्रोसेसिंग, मौसमी फल और मसालों की प्रोसेसिंग करने की योजना है साथ ही कोल्ड स्टोरेज की भी सुविधा रखी गई है। गृहमंत्री ने कहा कि बस्तर के मूल निवासियों का सहकारी समिति बनाकर फूड पार्क के लिए रॉ मटेरियल सप्लाई की व्यवस्था करें। फूड पार्क में इमली, महुआ, आम, काजू, साल-बीज जैसे स्थानीय उत्पाद को प्रोसेसिंग में प्राथमिकता दें। बैठक में संस्थान के संचालन करने वाले का चयन करने के लिए कमेटी बनाने पर चर्चा किया गया और उपस्थिति जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने संचालन के लिए अलग-अलग सुझायें मॉडल पर भी चर्चा किए।

वन मंत्री ने कहा कि युनिट को संचालन के लिए प्रोफेशनल टीम की आवश्यकता होगी। उन्होंने अन्य राज्यों में ट्राइफेड द्वारा संचालित या अन्य संस्था के माध्यम से स्थानीय उत्पादों का प्रसंस्करण की जानकारी लेकर विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस प्रकार के फिल्ड में काम करने वालों को प्राथमिकता देंने की बात कही। बैठक के पश्चात प्रभारी मंत्री शर्मा और वन मंत्री कश्यप ने प्रोसेसिंग यूनिट में स्थापित मशीनों का अवलोकन किया। साथ ही संस्थान का जल्द से जल्द प्रारम्भ करने की बात कही। मशीनों में स्थानीय उत्पाद के प्रोसेसिंग के लिए आवश्यक उपकरण को परिवर्तित कर काम को गति देने की जरूरत बताई।

# एनएमडीसी भर्ती प्रक्रिया रायपुर किए जाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में गृह मंत्री के प्रवास के दौरान स्थानीय जनता दरबार में काफी हलचल रही बस्तर के नागलसर, जमावाड 2, नगरनार सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण आदिवासी मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक के पास अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। इसके पश्चात नवनीत चांद के नेतृत्व में जामावाड़ा 2 बड़े बंदाम से आए ग्रामीणों द्वारा शासकीय भूमि सुरक्षित करने के साथ वन भूमि पट्टा निरस्त नहीं किए जाने को लेकर बस्तर कमिश्नर, वन संरक्षक के माध्यम से उप मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया। इसी तरह नागलसर निवासी जो 30, 35 वर्षों से मकान बना कर रह रहे हैं और खेती आदि कर अपना गुजारा कर रहे हैं परंतु जिन्हें फॉरेस्ट वाले खेत में हल चलाने से मना कर रहे हैं उनकी समस्याओं को लेकर भी ज्ञापन सौंपा गया एवं खेती हेतु अनुमति दिए जाने की मांग की गई। इस दौरान एनएमडीसी में भर्ती हेतु प्रस्तावित साक्षात्कार को रायपुर के मेफेयर लेक रिसॉर्ट में आयोजित कराए जाने के विरोध करते हुए कहा गया कि इस साक्षात्कार को नगरनार परिसर में आयोजित किया जाए।

- मुक्तिमोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



ज्ञात होगी बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा द्वारा नवनीत चांद के नेतृत्व में रायपुर के रिसॉर्ट में भर्ती साक्षात्कार कराया जाने को अन्यायपूर्ण रवैया बताते हुए किया गया था वहीं इस साक्षात्कार को नगरनार परिसर में कराया जाने की बात कही गई थी इस संबंध में नवनीत के नेतृत्व में कलेक्टर एवं महाप्रबंधक एनएमडीसी के नाम ज्ञापन अपनी मांगों को लेकर सोपा गया था जिसको संज्ञान लेते हुए 6 तारीख जून को अपर कलेक्टर द्वारा अधिशासी निदेशक एनएमडीसी को आवश्यक कार्यवाही हेतु इस विषय में पत्र जारी हुआ किया गया था।

उन्होंने कहा कि अगर शासन और प्रशासन हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं लेते हैं तो हमें आने वाले दिनों में विवश होकर सड़कों का रूख कर धरना प्रदर्शन का आयोजन करना पड़ेगा उन्होंने कहा कि सरकार संवेदनशीलता के साथ बस्तर के जनता आम आदिवासी ग्रामीणों का ध्यान रखें गांव के साथ युवा बेरोजगारों के भावनाओं से ना खेले। उन्होंने कहा कि एनएमडीसी में साक्षात्कार विषय अत्यंत गंभीर विषय है इस विषय में हमारी मांगों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए। इस दौरान बस्तर मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के पदाधिकारी के रूप में नगर मंडल अध्यक्ष मेहताब सिंह, जगदलपुर ग्रामीण महामंत्री नाग, शहर महामंत्री संतोष सिंग, शहर उपाध्यक्ष अमूल दयाल, शहर महिला महामंत्री प्रिया यादव, जनता दरबार कार्यालय प्रमुख के आकाश जॉन, फुटपाथ व्यापारी महासंघ सचिव गुप्ता, कोषाध्यक्ष दुर्गेश सिंह, आदि पदाधिकारी एवं बहुत संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वागत...



**जगदलपुर।** मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप अपने एक दिवसीय बस्तर प्रवास में जगदलपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सचिव भीम सिंह भी पहुंचे, अतिथियों का स्वागत के दौरान विधायक विनायक गोयल भी साथ रहे, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस, एसपी शलभ कुमार सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# कथक नृत्य भारत की प्राचीन परम्परा : झा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कुमकुम वासनिक द्वारा गोंडवाना भवन में शास्त्रीय नृत्य पर कार्यशाला का समापन पर समारोह अयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने हिस्सा लेकर शानदार प्रस्तुति दी। समापन समारोह में भाग लेने वाले बच्चे धारणा राव, पेनियल पॉल, रितिका माली सम्मलित थी। जिन्होनें नृत्य प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध किया। कथक नृत्य में भजन में उसकी लय और ताल को समझ कर पद व हस्त संचालन कर अलग -अलग भावों के साथ प्रस्तुत किया। साथ ही वस्तु क्रम में थाट की प्रस्तुति दी। सेमी-क्लासिकल के अंतर्गत इन्होंने तीन गानों को सोलो, डूओ तथा ग्रुप परफार्मेंस दिया जिसमें अलग-अलग प्रौप, थीम, पूजा अर्चना का भाव द्वारा प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि डॉ सुषमा झा, प्राची सिंह परीहा, मंजू सिंह ठाकुर उपस्थित रही। अतिथियों ने कहा कार्यक्रम को बढ़ावा देने तथा सहयोग में कुमकुम वासनिक के अभिभावक व गुरु का सबसे बड़ा हाथ व आशीर्वाद रहा है।

इन वर्कशॉप को आगे बढ़ाने का उद्देश्य यही हैं कि शास्त्रीय नृत्य व संगीत को बढ़ावा हैं। जिसे वे किसी न किसी माध्यम से इसे संरक्षित करने में जुटी है। अतिथियों ने कहा जैसे तरह खेल कूद बच्चों व उनके स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता हैं उसी प्रकार इस नृत्य के दौरान उनके मैडीटेशन तथा स्वास्थ्य में अती लाभदायक होगी।



# इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दरभा रोड पक्की सड़क के किनारे कोयपाल में इंद्रावती बचाओ अभियान एवं पंचायत द्वारा पौधरोपण किया गया। पौधों में विभिन्न प्रकार के फूलदार व ऑक्सीजन वाले 10-10 फिट साइज के पौधे लगाये गए। जिसमें अमलताश कचनार ट्यूबोबिया अर्जेंटिना गुलमोहर सहित फलदार पौधे साम्मलित थे।

इस अवसर पर इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्य व ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच व बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे। कोयपाल पंचायत से अंजना यादव सरपंच जय कुमारी उपसरपंच पंच हीरामनी लीमबती चैतु दास कोटवार रामदास पटेल दशी बघेल उरदो यादव पदुम नाग दयाराम यादव बालमन यादव प्रभुनाथ लच्छू राम तलेश यादव कमलोचन यादव नाडगू यादव इंद्रावती बचाओ अभियान के दशरथ कश्यप, किशोर पारख संपत झा, डॉ प्रदीप पांडे, रोहित बैस, हरिवेणु,, लक्ष्मी कश्यप, ज्योति गर्ग, जयश्री राव, झामीन साहू, सोनू शोरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# धार्मिक स्थलों के समीप शराब दुकाने नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला मुख्यालय के कोतवाली थाना के सामने स्थित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर नगर निगम महापौर संजय पाण्डे ने स्पष्ट किया है कि यह मात्र कांग्रेस द्वारा प्रायोजित भ्रम और अफ़वाह मात्र है। नगर निगम जनता की भावनाओं का पूर्ण सम्मान करता है, और ऐसी किसी भी योजना को समर्थन नहीं देगा जो रिहायशी एवं धार्मिक स्थलों के समीप सामाजिक वातावरण को प्रभावित करे। उन्होने कहा कि नगर निगम में शराब दुकान से संबंधित कोई प्रस्ताव सम्मिलित नहीं किया गया है, यह पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की उपज है। जनता की आपत्ति और धार्मिक, सामाजिक भावनाओं का हम पूरा सम्मान करते हैं। उन्होने स्पष्ट किया कि वे इस मुद्दे को लेकर राज्य शासन एवं जिला प्रशासन से चर्चा करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा समाज एवं संगठन प्रमुखों की राय एवं सहमति लेकर तथा शराब दुकान को शहर से बाहर किसी उचित स्थान पर स्थानांतरित करने का आग्रह करेंगे, ताकि जनता की भावनाओं, कानून व्यवस्था और सामाजिक समरसता का पूर्ण सम्मान हो सके।

- उचित स्थान पर स्थानांतरित करने का करेंगे आग्रह : पाण्डे
- कांग्रेस की शराब नीति ही इस समस्या की जड़ है, विरोध करने का कर रही ढोंग



महापौर ने कहा कि कांग्रेस ने अफ़वाह फैला कर जिस स्थल को प्रस्तावित स्थल बताया है, वहां से केवल 100 से 150 मीटर के दायरे में जैन श्वेताम्बर मंदिर, शंकर मंदिर, पुलिस कॉलोनी, एसबीआई बैंक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं अन्य शासकीय कार्यालय स्थित हैं। ऐसे में किसी भी सूरत में यह स्थान शराब दुकान के संचालन हेतु उपयुक्त नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस शराब दुकान के खिलाफ ज्ञापन देने और विरोध करने का ढोंग कर रही है, जनता को गुमराह करने का एक राजनीतिक हथकंडा है। सच्चाई यह है कि कोतवाली थाना के सामने जिस स्थान पर शराब दुकान खोले जाने का प्रस्ताव आया, वह मूलतः पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की उपज है।

**पूर्व आबकारी मंत्री लखमा ने लाया था प्रस्ताव**

महापौर पांडे ने कहा उसी सरकार के दौरान आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा स्वयं नगर निगम आए थे,और इसी स्थल पर शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव लेकर आए थे। उस समय मैंने विपक्ष का नेता रहते हुए भाजपा पार्षदों के साथ मिलकर सड़क पर उतरकर विरोध किया, धरना-प्रदर्शन भी किया। लेकिन तब कांग्रेस के किसी भी नेता या जनप्रतिनिधि ने जनता की भावनाओं की चिंता नहीं की, न ही कोई विरोध किया। आज जब प्रशासन द्वारा प्रस्ताव को अमल में लाने की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, तब कांग्रेस अचानक से जनता के साथ खड़े होने का दिखावा कर रही है। यह अवसरवादिता की पराकाष्ठा है। कांग्रेस की शराब नीति ही इस समस्या की जड़ है, जिसने गांव-गांव में शराब पहुंचाई, अब वही पार्टी नैतिकता की बातें कर रही है, यह हास्यास्पद है।

### महापौर ने जनता को झूठ के सिवाय कुछ नही दिया : राजेश



**जगदलपुर।** कोतवाली थाना के सामने स्थित व्यावसायिक काम्प्लेक्स में प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर नगर निगम महापौर संजय पाण्डे के द्वारा कांग्रेस पार्टी पर लगाये गए आरोप पर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी बयान में कहा कि महापौर ने अपने शपथ ग्रहण से लेकर आज तक इस शहर की जनता को सिर्फ झूठ के सिवाय कुछ नही दिया है। उन्होंने कहा कि अगर यह मामला कांग्रेस द्वारा उपजाया हुआ अफवाह था तो लगभग 8 से 10 दिन पहले क्या महापौर इस विषय पर बोलने के लिए किसी प्रकार की कोई मजबूरी से बंधे हुए थे। अगर ऐसा था तो उन्हें तुरंत अपना बयान जारी कर शहर की जनता को बताना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जिसकी पुष्टि करने के बाद उन्होंने मीडिया और ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर और आयुक्त को इस मामले से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कांग्रेस सरकार में वहां प्रीमियम शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव नगर निगम की सामान्य सभा में पारित हुआ था।

# बैठक से पूर्व कर्मचारी अपने रिकार्ड दुरुस्त करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक द्वारा सेक्टर नानगुर और सेक्टर कुम्हरावंड का दौरा किया गया। सेक्टर मीटिंग में निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ द्वारा स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे की प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के अंतर्गत एचआरपी वाली गर्भवती माता की जांच और उनको दी जाने वाली सुविधा के बारे में जानकारी ली गई। इसी तरह जिले में एमएमआर और सीडीआर की भी जानकारी ली। प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शुक्रवार को होने वाले वीएचएसएनडी की जानकारी लेते हुए 9 से लेकर 12 माह के मध्य लगने वाले सभी जीवन रक्षक टीकों कि उपलब्धि के बारे में जानकारी ली। बरसात के मौसम को देखते हुए 3 महीना का दवाई का स्टॉक आम स्तर पर रखने हेतु सभी कर्मचारियों को बताया गया। आगामी दिनों में जिला स्तर पर होने वाली समीक्षा बैठक में शामिल होने से पहले सभी कर्मचारियों को अपने रिकार्ड दुरुस्त कर अपने लक्ष्य के अनुरूप कार्यक्रमों में उपलब्धि बनाए रखने हेतु समझाइए। एनसीडी कार्यक्रम में ऑनलाइन एंट्री और रजिस्ट्रेशन के साथ दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली गई। कर्मचारियों द्वारा मैदानी स्तर पर कर्मचारियों की कमी की मांग रखने पर बताया गया कि राज्य शासन द्वारा वर्तमान में स्थानांतरण किए जाने का प्रावधान किया गया है, विभाग द्वारा कोशिश की जाएगी, समस्या मूलक क्षेत्र में कर्मचारियों की पूर्ति प्राथमिकता के आधार पर की जावेगी।

- सीएमएचओ ने सेक्टर नानगुर व सेक्टर कुम्हरावंड का किया निरीक्षण



प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान ने बताया कि बैठक में सेक्टर नानगुर के सुपरवाइजर शिव भंडारी के यह तूलावती नागेश, नेत्र सहायक अधिकारी रैमन बघेल, पदम नाग, महेश कश्यप, हरि सिंह, सुमन कश्यप, दिलेश्वरी नाग, सीपी यादव, लाजवंती नायक, पूर्णिमा बघेल, शकुंतला यादव, दीक्षा यादव, सविता नाग, ज्योति नाग, लोकनाथ नाग, वनिता नाग, विमला नाग, लक्ष्मी शांडिल्य, बृजबाला निषाद और सेक्टर कुमरावड से आरएमए रीना जोगी के साथ सेक्टर सुपरवाइजर प्रशांत श्रीवास्तव, प्रीति निषाद, असीम मसीह, खगेंद्र पटेल चंद्रेश नाग, रंजिता सिंग, भूदेवी जोशी और सुशीला तिवारी मौजूद रहे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कास्मेटिक सर्जरी सेंटर
होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

सुयश हॉस्पिटल (NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
- किडनी फेलयर (ARF/CRF)
- डायलिसीस
- बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
- नेफ्रोटिक सिंड्रोम
- हाई बीपी (HIGH BP)
- PCNL
- AV FISTULA
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
16 अगस्त, 06 सितम्बर, 29 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411